रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/92 REGD. NO. D.L.-33004/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 463] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 16, 1991/अग्रहायण 25, 1913
No. 463] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 16, 1991/AGRAHAYANA 25, 1913

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

(पत्तन पक्ष)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर, 1991

सा.का.नि. 739(अ):—केन्द्र सरकार, महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 132 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 124 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नव-मंगलूर पत्तन न्यासी मंडल द्वारा बनाए गए और इस अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची में नवमंगलूर पोर्ट कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1991 का अनुमोदन करती है।

7. उक्त विनियम, इस अधिसूचना के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

[फा. सं. पी.आर.-12016/10/91 पी.ई. I (खंड II)]

अशोक जोशी, संयुक्त सचिव

नव मंगलौर पत्तन न्यास, (सामान्य भविष्य निधि) प्रथम संशोधन विनियम, 1991

महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 (1963 का 38) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नव मंगलौर पत्तन न्यास मंडल, उपर्युक्त अधिनियम की धारा 124 के अधीन, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के अध्यधीन नव मंगलौर पत्तन न्यास कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1980 (28 मार्च, 1980 के भारत का राजपत्र असाधारण में जी.एस.आर. 157 (ई) के रूप में प्रकाशित) में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाते हैं :—

1. (i) इन विनियमों को नव मंगलौर पत्तन न्यास कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम प्रथम संशोधन विनियम, 1991 कहा जाएगा ।

(ii) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि को प्रवृत्त होंगे ।

2. नव मंगलौर पत्तन न्यास (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1980) जो इसमें इसके बाद उपर्युक्त विनियम के रूप में उल्लिखित है) के विनियम 1 की अपधारा (झ) और साथ ही साथ उपविनियम (ङ) की उप धारा के अंत में निम्नलिखित को जोड़ा जाएगा ।

"छोटे भाई, अविवाहित बहनें एवं माता-पिता और यदि अभिदाता के माता-पिता जीवित नहीं है तो पितामह या या पितामही ।"

3. उपर्युक्त विनियम के विनियम 5 के उपविनियम 4 को निकाल दिया जाएगा और उप विनियम 5 तथा 6 को क्रमशः 4 और 5 के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा । निम्नलिखित को उप विनियम 6 के रूप में रखा जाएगा ।

"इस नियम के प्रयोजन के लिए शिक्षुओं और परिवीक्षाधीनों को अस्थायी सरकारी कर्मचारी की तरह माना जाएगा ।"

4. उपर्युक्त विनियमों के विनियम संख्या 6 में उप विनियम संख्या 1 के अंतर्गत निम्नलिखित प्रथम परंतुक विद्यमान उपबंध से पूर्व रखा जाएगा ।

"बशर्ते जबकि अभिदाता अवयस्क है तो ऐसी स्थिति में वह वयस्कता प्राप्त कर लेने पर नामांकन भरेगा" इस उप विनियम के प्रथम और द्वितीय परंतुकों को द्वितीय एवं तृतीय परंतुक पढ़ा जाएगा ।

विनियम के अंतर्गत निम्नलिखित टिप्पण रखा जाएगा।

"टिप्पण :—इस नियम में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, "व्यक्ति" या "व्यक्तियों" के अंतर्गत कंपनी या एसोसिएशन या व्यष्टि निकाय आएंगे चाहे वे निगमित में हो या न हो । इसमें प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय राहत कोष या कोई भी पूर्त न्यास या अन्य न्यास या निधि भी शामिल होंगे, जिनके लिए नामांकन, सचिव या अन्य कार्यकारी के द्वारा किया जा सकता है जो अदायगी प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत हों ।"

5. उपर्युक्त विनियमों के विनियम संख्या 7 को निम्न रूप में उपांतरित किया जाएगा :

"7 अभिदाता लेखा/प्रत्येक अभिदाता के नाम का एक लेखा खोला जाएगा जिसमें निम्नलिखित सूचना होगी:

(i) उसके अभिदान की राशि ।

(ii) नियम 12 के अनुसार अभिदान पर ब्याज की राशि

(iii) निधि से लिए गए अग्रिमों तथा आहरणों की राशि ।"

6. अपर्युक्त विनियमों के विनियम संख्या 8 में उप विनियम संख्या (1) में निम्नलिखित टिप्पण रखा जाएगा :

"टिप्पण : अकार्य दिन के रूप में मानी गई अवधि के दौरान अभिदाता को अभिदान करने की आवश्यकता नहीं है ।"

विनियम के अंतर्गत उप विनियम संख्या (3) और (4) के रूप में निम्नलिखित उप विनियम जोड़ा जाएगा :

"(3) अभिदाता ने यदि नियम 21 के अधीन निधि में से अपने खाते में जमा राशि निकाल ली है तो वह इस प्रकार निकाली गई राशि के पश्चात् निधि में अभिदान जब तक नहीं करेगा जब तक कि वह कार्य पर लौट नहीं आता ।"

"(4) उप नियम (1) के अंतर्गत कोई बात होते हुए भी, अभिदाता निधि में उस माह अभिदान नहीं करेगा जिस माह वह नौकरी छोड़ना है । यदि वह उक्त माह के लिए अभिदान करना चाहता है तो उसे उक्त माह के प्रारंभ होने से पूर्व इस संबंध में कार्यालय प्रधान को लिखित रूप में सूचित करना होगा ।"

विनियम 8 में निम्नलिखित उप विनियम (5) एवं (6) के रूप में जोड़ा जाएगा ।

(5) "अधिवर्षिता पर सेवा-निवृत्त होने वाले कर्मचारी को अपनी सेवा के अंतिम तीन महीनों के दौरान निधि में अभिदान करने की छूट होगी । इस प्रकार अभिदान को बंद करना "वैकल्पिक" न होकर अनिवार्य होगा ।"

(6) "ऐसे अभिदाता जो पी.एल.बी. या निष्पादन पुरस्कार के हकदार है, यदि वे चाहें तो योजना के अंतर्गत स्वीकार्य राशि के सम्पूर्ण या उसके किसी भाग को अपने भविष्य निधि खाते में जमा कर सकते हैं ।"

7. उपर्युक्त विनियमों के विनियम 9 में उप विनियम (2) की उप धारा (क) के अधीन परंतुक (1) को निम्नलिखित रूप में उपांतरित किया जाएगा ।

"(1) यदि अभिदाता उक्त तारीख को छुट्टी पर था और उसने छुट्टी के दौरान निधि में अभिदान न करने का चयन किया हो या उक्त तारीख को निलंबित हो, तो उसकी परिलब्धियां वह परिलब्धियां होंगी जिसका हकदार वह कार्य पर लौटने के प्रथम दिन पर था।

8. इन विनियमों के विनियम 12 में उप विनियम 1 के अंतर्गत परंतुक 1 में दूसरी, तीसरी और चौथी पंक्ति में आ रहे ब्याज के प्रतिशत को 4 प्रतिशत के स्थान पर 8 प्रतिशत पढ़ा जाएगा ।

उपर्युक्त विनियमों के विनियम 12 में उप विनियम 4 के अधीन निम्नलिखित दूसरा परंतुक विद्यमान परंतुक के आगे जोड़ा जाएगा :

"परंतु यह और कि जब कि अभिदाता सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले निगमित निकाय या सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन किसी स्वायत्त संगठन में प्रतिनियुक्ति पर होने पर, बाद में उक्त निगमित निकाय या संगठन में भूतलक्षी तारीख से आमेलित हो जाता है तो अभिदाता के नाम जमा संचित निधि पर ब्याज के परिकलन के प्रयोजन के लिए आमेलन से संबंधित आदेश जारी करने की तारीख को अभिदाता की जमा राशि की अदायगी की तारीख माना जाएगा, यह इस शर्त के साथ कि आमेलन की तिथि तथा आमेलन के आदेश जारी करने की तिथि के बीच के समय तक अभिदाता द्वारा जमा की गई अभिदान की राशि को, इस उप विनियम के अंतर्गत, केवल निधि में ब्याज के लिए जमा की गई राशि ही माना जाएगा ।"

निम्नलिखित उप विनियम के अधीन उप विनियम संख्या 6 और 7 के रूप में जोड़ा जाएगा :—

"(6) विनियम 11, विनियम 21 या विनियम 22 के उप विनियम (3) के अधीन अभिदाता के नाम निधि में प्रतिस्थापित राशियों पर ब्याज का आकलन उप नियम (1) अधीन उत्तरोत्तर विहित दरों पर और उस रीति के अनुसार किया जाएगा जैसा कि इस विनियम में उल्लिखित है ।"

विनियम के अधीन निम्नलिखित उप विनियम संख्या 4 के रूप में जोड़ा जाएगा :—

"(4) जब किसी पिछले अग्रिम की अंतिम किश्त के चुकाने से पूर्व उप नियम (2) के अधीन कोई अग्रिम मंजूर किया जाता है तो इस प्रकार मंजूर अग्रिम राशि में पिछले अग्रिम की न वसूली गई राशि को जोड़ दिया जाएगा और वसूली जाने वाली राशि की किश्तों का निर्धारण समेकित राशि के आधार पर किया जाएगा ।"

उपर्युक्त विनियमों के विनियम 14 में निम्नलिखित को उप विनियम (5) के रूप में जोड़े :—

(5) "सेवा के अंतिम तीन माह के दौरान कोई भी अस्थायी अग्रिम मंजूर नहीं किया जाएगा ताकि लेखा अधिकारी सेवा निवृत्ति के एक माह पूर्व भुगतान आदेश जारी करने का कार्य पूरा कर सकें ।" फार्म संख्या VI "भविष्य निधि से अग्रिम के लिए आवेदन-पत्र के प्रोफार्मा को संलग्न फार्म से प्रतिस्थापित किया जाएगा ।"

11. उपर्युक्त विनियमों के अधीन विनियम संख्या 15 में, उपविनियम संख्या (3) के अधीन निम्नलिखित परंतुक को रखा जाएगा :—

"बशर्ते इस प्रकार का अग्रिम नामंजूर करने के पूर्व अभिदाता को, अग्रिम की वापसी क्यों न लागू की जाए ऐसी सूचना मिलने की तारीख से 15 दिन के भीतर मंजूरीदाता प्राधिकारी लिखित रूप में अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया जाएगा और यदि अभिदाता उक्त पंद्रह दिन की अवधि के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर देता है तो उस निर्णय के लिए अध्यक्ष को भेजा जाएगा और यदि उक्त अवधि के भीतर अभिदाता द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो इस उप नियम में विहित रीति से वसूली को लागू कर दिया जाएगा ।"

12. उपर्युक्त विनियमों के विनियम संख्या 16 को निम्नलिखित रूप में उपांतरित किया जाएगा :—

"16 अग्रिम का सदोष उपयोग—इस विनियम में किसी प्रावधान के होते हुए भी, यदि मंजूरीदाता प्राधिकारी के पास इस प्रकार का संदेह करने की उचित कारण है कि नियम 14 के अधीन निधि से निकाली गई अग्रिम राशि का उपयोग मंजूर किए गए प्रयोजन के अलावा अन्य प्रयोजन पर किया गया है, तो वह अभिदाता को अपने संदेह के कारण सूचित करेगा और अभिदाता को उक्त सूचना मिलने की तारीख से 15 दिन के भीतर लिखित रूप में वह उत्तर देना होगा कि क्या उसने अग्रिम राशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया है जिसके लिए उस वह अग्रिम मंजूर किया गया था । यदि उक्त 15 दिन की अवधि में अभिदाता द्वारा प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण से मंजूरीदाता प्राधिकारी संतुष्ट नहीं है तो मंजूरीदाता प्राधिकारी को प्रश्नगत राशि को तत्काल निधि में जमा करने के लिए आदेश दे सकता है या ऐसा न करने पर, अभिदाता की परिलब्धियों में से एकमुश्त रूप में कटौती करने के आदेश दे सकता है चाहे अभिदाता छुट्टी पर भी हो। फिर भी, यदि संदाय की पूर्ण राशि अभिदाता की परिलब्धियों के आधे से अधिक हो तो उसकी परिलब्धियों की आधी राशि के रूप में मासिक किश्तों के हिसाब से वसूली जाने वाली राशि तब तक काटी जानी चाहिए जब तक की पूरी राशि पूरी न हो जाए ।"

टिप्पण :—नियम में "परिलब्धियों" पद में निर्वाह-अनुदान सम्मिलित नहीं है ।

13. उपर्युक्त विनियमों के अधीन विनियम 17 में उप विनियम संख्या (2) की प्रथम चार पंक्तियों निम्नलिखित रूप में उपांतरित की जाएंगी :—

"(2) अभिदाता द्वारा (10 वर्ष) की सेवा (सेवा की खंडित अवधियों सहित, यदि कोई हो) पूरी करने के पश्चात् या अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की तारीख के पूर्व दस वर्ष के भीतर, जो भी अवधि पहले हो, निधि में उसके खाते में जमा राशि में से निम्न किसी एक या अधिक प्रयोजनों के लिए रकम निकाली जा सकती है, यथा ;

विनियम के अधीन उप विनियम (2) के अंतर्गत निम्नलिखित को उप विनियम (ग) के रूप में जोड़ा जाएगा और विद्यमान उपविनियम को उप विनियम (घ) के रूप में पुनः अंकित किया जाएगा :—

(ग) कार्य के स्थान से अलग स्थान पर पैतृक गृह के नवीकरण, परिवर्तन या परिवर्धन या रखरखाव के लिए या नव मंगलौर पत्तन न्यास से प्राप्त कर्ज की सहायता से कार्य स्थान से अलग स्थान पर बनाए गए गृह के लिए"

विनियम के अधीन निम्नलिखित को उप विनियम (3) तथा (4) के रूप में जोड़ें :—

"(3) अभिदाता की सेवा-निवृत्ति की तारीख से पहले छह माह के भीतर निधि में उसके नाम जमा राशि में से फार्म भूमि या कारबार परिसर या दोनों के अर्जन के लिए।"

"(4) वित्तीय वर्ष की अवधि में केवल एक बार, अभिदाता द्वारा स्वयं और अंशदायी आधार पर नव मंगलौर पत्तन न्यास के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा कर्मचारियों के लिए आयोजित समूह बीमा योजना के अंतर्गत अदा किए गए एक वर्ष के अभिदान की राशि के समकक्ष।"

विनियम के अधीन टिप्पण 2 को टिप्पण 6 के रूप में पढ़ा जाएगा और निम्नलिखित को टिप्पण 1 से 5 के रूप में रखा जाएगा :—

"टिप्पण 1. यदि अभिदाता ने, गृह निर्माण के लिए नव मंगलौर पत्तन न्यास से अग्रिम प्राप्त किया है या उसे इस संबंध में किसी अन्य मान्यता प्राप्त आवास योजना के अन्तर्गत कोई सहायता प्राप्त करने की अनुमति मिली है तो वह इस विनियम के उप विनियम 2 की उप धारा (क), (ग), (घ) के अधीन विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए रकम निकालने के लिए और साथ ही नियम 18 के उप विनियम 1 के परन्तुक में विनिर्दिष्ट सीमा के भीतर उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत लिए गए किसी कर्ज की वापसी के लिए भी हकदार होगा।

यदि अभिदाता के पास पैतृक गृह है या उसने कार्य के स्थान से अलग स्थान पर सरकार से कर्ज लेकर गृह निर्माण किया है तो वह अपने कार्य स्थान पर गृह स्थल की खरीद के लिए या एक और गृह के निर्माण के लिए या तैयार फ्लैट के अर्जन के लिए इस विनियम के अन्तर्गत अंतिम आहरण के लिए हकदार होगा।

टिप्पण 2—इस विनियम के उप विनियम 2 की उप धारा (क), (ग) और (घ) के अधीन आहरण सभी मंजूर होगा जबकि अभिदाता निर्माण किए जा रहे गृह या किए जाने वाले परिवर्तन या परिवर्धन से संबंधित योजना को, जहां पर स्थल या गृह स्थित हो उस क्षेत्र के स्थानीय नगर-पालिका निकाय से सम्यक रूप से अनुमोदित कराके प्रस्तुत करेगा और यह केवल उन्हीं मामलों में दिया जाएगा जबकि वास्तविक रूप से योजना अनुमोदित हो जाएगी।

टिप्पण 3 :—उप विनियम 2 की उपधारा (ख) के अंतर्गत आहरण की राशि आवेदन की तारीख पर शेष जमा राशि के तीन चौथाई से अधिक नहीं होगी जिसमें से उपधारा (क) के अधीन पिछले आहरण की राशि को घटा दिया जाएगा। फार्मूला इस प्रकार होगा : तीन चौथाई (आवेदन की तारीख पर शेष राशि तथा प्रश्नगत गृह के लिए पिछले आहरणों को जोड़कर) में से पिछले आहरण की राशि को घटाकर।

टिप्पण 4 :—उप विनियम 2 की उप धारा (क) के अधीन आहरण उस स्थिति में भी मंजूर किया जाएगा जबकि गृह स्थल या घर पत्नी या पति के नाम में हो बशर्ते पत्नी या पति अभिदाता द्वारा किए गए नामांकन में भविष्य निधि प्राप्त करने वाला प्रथम नामित व्यक्ति हो।

टिप्पण 5 :—इस नियम के अधीन एक ही प्रयोजन के लिए एक बार आहरण अनुमत होगा। परन्तु अलग अलग बच्चों का विवाह या शिक्षा या विभिन्न अवसरों पर बीमारी या उस गृह या फ्लेट में परिवर्तन या परिवर्धन जिसका नवीन प्लान, जहां वह गृह या फ्लेट स्थित है, स्थानीय नगरपालिका निकाय द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित है, उनको एक ही प्रयोजन नहीं माना जाएगा। उप विनियम (2) की उपधारा (क) या उपधारा (ग) के अन्तर्गत वित्तीय या तत्पश्चात आहरण टिप्पण 3 में निर्धारित सीमा के भीतर ही दिया जाएगा।

निम्नलिखित को उप विनियम 2 के अधीन टिप्पण 7 के रूप में रखा जाएगा :—

टिप्पण 7 :—सेवा के अंतिम तीन माह के दौरान कोई भी आंशिक अंतिम आहरण नहीं दिया जाना चाहिए। फिर भी, असाधारण मामलों के विभागाध्यक्ष की मंजूरी से यह दिया जा सकता है। ऐसे मामले में कर्मचारी को यह भी सूचित कर दिया जाना चाहिए कि सेवा निवृत्ति से एक माह पूर्व अंतिम अदायगी के आदेश जारी करने में विलंब की संभावना हो सकती है। निम्नलिखित को उप विनियम संख्या 5 के रूप में जोड़ा जाएगा।

"(5) निम्नलिखित मामलों में भी सामान्य भविष्य निधि से आंशिक अंतिम/अंतिम आहरण अनुमत होंगे।

(क) उन कर्मचारियों ने जिन्होंने 15 वर्ष की सेवा (सेवा की खंडित अवधि को मिलाकर यदि कोई हो) पूरी कर ली है या जिनके अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने में पांच वर्ष से कम रह गए हैं उन्हें मोटर कार/मोटर साइकिल या स्कूटर आदि खरीदने या इस प्रयोजन के लिए पत्तन से लिए कर्ज की वापसी के लिए उनके भविष्य निधि खाते से आंशिक अंतिम आहरण निम्न शर्तों के अधीन दिया जा सकता है :

(1) मोटर साइकिल/स्कूटर के मामले में कर्मचारी का मूल वेतन 3500 रुपए के समतुल्य होना चाहिए।

(2) मोटर कार खरीदने के लिए आहरण राशि की सीमा 25,000 रुपये तथा मोटर साइकिल/स्कूटर आदि खरीदने के लिए आहरण राशि की सीमा 4000 रुपए होगी। यदि इन वाहनों को खरीदने के लिए बुकिंग कराने के लिए जमा राशि का आहरण पहले किया गया है तो कर्मचारियों को शेष राशि का आहरण करने की अनुमति विनियमों में विहित कुल सीमा के अनुसार ही होगी। इस प्रयोजन (बुकिंग के लिए जमा राशि और खरीद करने के लिए अपेक्षित राशि को जोड़कर) के लिए आहरण की कुल राशि, आहरण की तिथि

पर अभिदाता के भविष्य निधि खाते में जमा राशि (ब्याज सहित) का 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए या वाहन का वास्तविक मूल्य जो भी कम हो, होगी ।

(iii) 36 किस्तों में लौटाए जाने वाले अग्रिम को अध्यक्ष विशेष मामलों में उन कर्मचारियों को अनुमत कर सकता है जिनका 15 वर्ष की न्यूनतम सेवा अवधि पूरी होने में छह मास का समय शेष है ।

(iv) उपर्युक्त (iii) के अनुसार अग्रिम प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को 15 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने के पश्चात अग्रिम राशि के बकाया शेष को अंतिम आहरण में बदलने की छूट दी जा सकती है ।

(v) इस प्रकार के आहरण एक बार ही अनुमत हों ।

(ख) जिन कर्मचारियों ने 28 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है या जिनके अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने में तीन वर्ष से कम रह गए हैं, उन्हें निम्नलिखित शर्तों के अधीन अपनी मोटर कारों की व्यापक मरम्मत या ओवरहाल के लिए भविष्य निधि खाते से अंतिम आहरण लेने की अनुमति दी जा सकती है :—

(i) वे कर्मचारी जिनका वेतन 1400 रुपए के समतुल्य है ।

(ii) आहरण की सीमा राशि निम्नलिखित में से जो भी कम हो, वह होगी, यथा; 5000 रुपए या अभिदाता के भविष्य निधि खाते में जमा राशि की एक तिहाई राशि या मरम्मत या ओवरहाल की वास्तविक राशि

(iii) कार की खरीद के साथ से कम से कम पांच वर्ष बीत जाने के पश्चात यह आहरण अनुमत होगा। बरती हुई कार के मामले में प्रथम क्रेता द्वारा खरीद की प्रारंभिक तिथि को ध्यान में रखा जाएगा ।

(iv) इस प्रकार का आहर अभिदाता के पूरे सेवा काल में केवल एक बार ही अनुमत होगा ।

(ग) जिन कर्मचारियों ने 15 वर्ष की सेवा अवधि (खंडित सेवा अवधि को मिलाकर यदि कोई हो) पूरी कर ली है उन्हें, निम्नलिखित शर्तों के अधीन मोटरकार/मोटर साइकिल/स्कूटर/मोपेड आदि की बुकिंग के लिये सामान्य निधि खाते से आंशिक अंतिम आहरण करने के लिए अनुमत किया जा सकता है :

(i) कर्मचारी केन्द्रीय सरकार के वेतनमानों में मूल वेतन मोटर कार के लिए 3500 रु. के समतुल्य और मोटर साईकिल/स्कूटर आदि के लिए 1500/– रु. होना चाहिए ।

(ii) आहरण राशि की सीमा, निम्नलिखित में से जो भी कम हो वह होगी, यथा; मोटरकार के लिए 10000 रु. तथा मोटर साइकिल/स्कूटर आदि के लिए 500 रुपए या अभिदाता के भविष्य निधि खाते में जमा राशि का 50 प्रतिशत या मोटर साइकिल/स्कूटर आदि के मामले में रजिस्ट्रेशन की वास्तविक राशि ।

(iii) आहरण की राशि, कार या मोटर साइकिल या स्कूटर आदि की बुकिंग की अपेक्षित राशि से किसी भी स्थिति में अधिक नहीं होगी ।

(iv) जमा रसीद, संबंधित प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए आहरण लेने की तारीख से एक माह के भीतर अवश्य प्रस्तुत की जानी चाहिए । ऐसा न करने पर आहरण की पूरी राशि वापिस करनी पड़ेगी ।

(v) यदि कर्मचारी कार/मोटर साइकिल/स्कूटर आदि नहीं खरीदता है या योजना से अलग हो जाता है तो उसे तत्काल अंतिम आहरण की राशि, विनिर्माता/डीलर से उस पर प्राप्त ब्याज सहित भविष्य निधि खाते में जमा कर देनी चाहिए ।

(vi) ऐसे विशेष मामलों में, जहां 15 वर्ष की न्यूनतम सेवा की अवधि छह माह से कम होती है तो 36 किस्तों में वसूला जाने वाला अग्रिम मंजूर किया जा सकता है और यह अग्रिम 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर आंशिक आहरण में परिवर्तित किया जा सकता है।

(vii) इस प्रकार का आहरण केवल एक अवसर पर सामान्य भविष्य निधि में आहरण के लिए विहित वर्तमान सीमा के अधीन ही अनुमत किया जा सकता है।

निम्नलिखित उप विनियम संख्या 6 के रूप में जोड़ा जाएगा :—

"(6) यदि अभिदाता नवीनतम उपलब्ध विवरण के साथ के अभिदान की जमा राशि के साक्ष्य सहित अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा राशि के बारे में सक्षम प्राधिकारी को संतुष्ट कर देता है तो सक्षम प्राधिकारी वापिस किए जाने वाले अग्रिम की भांति ही स्वयं विहित सीमाओं के भीतर आहरण की मंजूरी दे सकता है। ऐसा करते समय, सक्षम प्राधिकारी अभिदाता को पहले से मंजूर किए गए किसी आहरण या वापिस किए जाने वाले अग्रिम को ध्यान में रखेगा। जब कभी अभिदाता अपनी जमा राशि के संबंध में सक्षम प्राधिकारी को संतुष्ट नहीं कर पाता है या मांगी गई आहरण की राशि की स्वीकार्यता के संबंध में कोई संदेह हो तो सक्षम प्राधिकारी

को अभिदाता के नाम जमा राशि के संबंध में लेखा अधिकारी से सूचना मगानी चाहिए ताकि सक्षम प्राधिकारी आहरण की राशि को स्वीकार्यता का निर्धारण कर सके। आहरण की मंजूरी में प्रमख रूप से सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या दी जानी चाहिए और मंजूरी की एक प्रति सदैव ही लेखा अधिकारी को पृष्ठांकित की जानी चाहिए। यदि मंजूर किए गए आहरण की राशि अभिदाता नाम जमा राशि से अधिक है या अन्यथा अस्वीकार्य है तो अभिदाता को आहरित राशि को एक मुश्त रूप में निधि में वापिस जमा करना होगा और ऐसा न करने पर सक्षम प्राधिकारी अभिदाता की उपलब्धियों में से एकमुश्त रूप में या उन मासिक किश्तों में वसूल करने के आदेश देगा जैसा कि अध्यक्ष निर्धारित करेगा।

14. उपर्युक्त विनियमों के विनियम 18 के अधीन उप विनियम (1) में निम्नलिखित परन्तुक एवं टिप्पण रखे जायेंगे :—

"बशर्ते किसी भी स्थिति मे विनियम 17 के अधीन उप विनियम 2 में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए आहरण की अधिकतम राशि, गृह निर्माण के लिए अग्रिम प्रदान करने हेतु नव मंगलोर पत्तन न्यास कर्मचारी (गृह-निर्माण के लिए अग्रिम प्रदान करना) विनियम 1980 के अधीन विनियम 4, 5 और 6 में समय समय पर विहित अधिकतम सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

"बशर्ते उस अभिदाता के मामले में जिसने नव मंगलोर पत्तन न्यास कर्मचारी (गृह निर्माण के लिए अग्रिम प्रदान करना) विनियम 1980 के अधीन पहले ही अग्रिम ले रखा है या किसी अन्य अनुमोदित योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त कर चुका है तो इस उप विनियम के अंतर्गत निकाली गई राशि और उपर्युक्त स्रोतों से ली गई राशि नव मंगलोर पत्तन न्यास कर्मचारी (गृह निर्माण के लिए अग्रिम प्रदान करना) विनियम, 1980 के अधीन समय-समय पर विहित अधिकतम सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

टिप्पण :—विनियम 17 के उप विनियम 1 की उपधारा (1) के अधीन अभिदाता को मंजूर की गई आहरण की राशि मंजूरी की तारीख से 12 महीनों की अवधि में यह अधिक से अधिक चार किश्तों में निकाली जा सकती है।

टिप्पण 2: उस मामले में जबकि अभिदाता को खरीदे गए स्थान, गृह या फ्लैट के लिए या भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत या भवन निर्माण सहकारी समिति द्वारा निर्मित गृह या फ्लैट के लिए किश्तों में भुगतान करना पड़ता है, तो उसे जब भी कितनी भी किश्तों में भुगतान करने के लिए कहा जाता है उसे आहरण करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे प्रत्येक भुगतान को नियम 17 के उप नियम (2 के प्रयोजन, के लिए अलग प्रयोजन के लिए भुगतान समझा जाएगा।"

विनियम के अंतर्गत उप विनियम 2 के अधीन निम्नलिखित परन्तुक रखा जाएगा :—

"बशर्ते इस उप विनियम के अधीन आहरण की राशि की वापसी की कार्रवाई करने से पूर्व अभिदाता को कार्रवाई वापसी की कार्रवाई क्यों न की जाए ऐसे सूचना मिलने की तारीख से 15 दिन के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया जाएगा और यदि मंजूरीदाता प्राधिकारी दिए गए स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होता है या उक्त 15 दिन की अवधि के भीतर अभिदाता द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मंजूरीदाता प्राधिकारी इस उप विनियम में विहित रीति के अनुसार वापसी की कार्रवाई को लागू कर सकता है।"

विनियम के अंतर्गत उप विनियम (3) के अधीन निम्नलिखित परन्तुक रखा जाएगा :—

"बशर्ते इस प्रकार की अनुमति तब आवश्यक नहीं होगी जबकि इसे आवासीय बोर्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक, जीवन बीमा निगम केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण के अधीन किसी अन्य निगम के पास बंधक रखा जाता है जो नए गृह के निर्माण के लिए या विद्यमान गृह में परिवर्तन या परिवर्धन करने के लिए कर्ज देते हैं।

उप विनियम (4) की चौथी पंक्ति में आ रहे शब्द "ऐसी वापसी" और "और यह आदेश दिया जाएगा" के बीच में, "इस मामले में अभिदाता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने की पर्याप्त अवसर देने के पश्चात" शब्दों को रखा जाएगा।

उपर्युक्त विनियम के विनियम 18 के अधीन निम्नलिखित टिप्पण रखा जाएगा :—

टिप्पण : यदि अभिदाता ने नव मंगलोर पत्तन न्यास से कर्ज लिया है और उस बदले में गृह या गृह स्थल को पत्तन न्यास बोर्ड के पास बंधक रखा है तो उसे निम्न रूप में घोषणा पत्र देना पड़ेगा, यथा :—

एतद्द्वारा मैं प्रमाणित करता हूं कि सामान्य भविष्य निधि से जिस गृह या गृह-स्थल के निर्माण या अर्जन के लिए मैंने अंतिम आहरण राशि प्राप्त की है वह मेरे कब्जे में है लेकिन पत्तन न्यास बोर्ड के पास बंधक रखा हुआ है।"

विनियम के अंतर्गत निम्नलिखित को उप विनियम 5 के रूप में जोड़ा जाएगा :—

"(5) अभिदाता को किसी भी स्थान पर गृह निर्माण के लिए दूसरा आहरण प्रदान नहीं किया जाना चाहिए यदि उसे उसी स्थान या अन्य स्थान पर इसी प्रयोजन के लिए अंतिम आहरण प्रदान

किया जा चुका है। अन्य शब्दों में अंतिम आहरण एक गृह से अधिक के लिए अनुमत नहीं किया जाना चाहिए।"

15. उपर्युक्त विनियमों में विनियम 19 के अधीन निम्नलिखित टिप्पण रखा जाएगा :—

"टिप्पण :—नियम 17 के उप विनियम 1 के प्रयोजन के लिए संपरिवर्तन के समय अभिदाता के नाम जमा लेखे में ब्याज सहित अभिदान की राशि में अग्रिम की बकाया राशि को मिलाकर शेष राशि माना जाएगा। प्रत्येक आहरण को अलग-अलग माना जाएगा और यही सिद्धांत एक से अधिक संपरिवर्तन पर लागू होगा।"

उपर्युक्त विनियमों के विनियम 9 में आ रहे "उप विनियम (1) की उप धारा (ख) और (ग)" शब्दों का "उप विनियम (1) से (4)" द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।"

नीचे रखे फार्म को "फार्म IX(क) अग्रिम को अंतिम आहरण में परिवर्तित करने के लिए आवेदन पत्र" के रूप में अपनाया जाएगा।

16. उपर्युक्त विनियमों के विनियम 27 को निकाल दिया जाएगा और विनियम 28, 29, 30 और 31 का पुर्अंकन क्रमशः 27, 28, 29, और 30 किया जाएगा।

17. उपर्युक्त विनियमों के विनिमय 30 उप विनियम (क) उप धारा (ii) में दी गई 2300 रुपए की राशि का 2500 रुपए की राशि से प्रतिस्थापित किया जाएगा।

विनियम के अधीन टिप्पण 5 रखा जाएगा :

"टिप्पण 5 : इस योजना के संबंध में व्यय के बजट प्राक्कलन लेखा अधिकारी द्वारा व्यय की प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर उसी रीति से तैयार किए जायेंगे। जिस प्रकार अन्य सेवा-निवृत्त लाभों के लिए तैयार किए जाते हैं।

प्रमुख विनियम :—

जहाजरानी तथा परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) दिनांक 28 मार्च 1980 जी.एस.आर. 157(इ) में अधिसूचित।

बी. महापात्र, अध्यक्ष

प्रशासनिक अधिकारी,
नव मंगलोर पत्तन न्यास पानाम्बूर
मंगलौर-575010

फार्म IX–क (विनियम संख्या 19)

अग्रिम को अंतिम आहरण में परिवर्तित करने के लिए

आवेदन-पत्र का फार्म

1. अभिदाता का नाम
2. पद तथा कार्यालय का नाम
3. वेतन
4. भविष्य निधि का नाम एवं लेखा संख्या
5. आवेदन करने की तारीख पर इतिशेष (सामान्य भविष्य निधि अभिदाता के मामले में वास्तविक रूप से अभिदान की गई राशि सहित उस पर देय ब्याज सहित
6. (क) अग्रिम की बकाया राशि : जिसे अंतिम आहरण में परिवर्तित करना है

   (ख) प्राप्त अग्रिम पर देय ब्याज की राशि
7. (क) अग्रिम लेने का प्रयोजन

   (ख) अग्रिम की अदायगी की तारीख

   (ग) मंजूर अग्रिम की राशि
8. मंजूर किए गए अग्रिम के संसूचना का विवरण
9. यदि उपर्युक्त प्रयोजन के लिए : पहले अग्रिम या अंतिम आहरण लिया गया है तो उसका विवरण दें

10. (क) आवेदन पत्र की तारीख पर सेवा काल, खंडित सेवा काल को मिलाकर, यदि कोई हो

(ख) आवेदन पत्र देने की तारीख : पर अधिवर्षिता आयु के लिए सेवा की अवधि

(ग) अधिवर्षिका की तारीख :

स्थान :
तारीख : आवेदक के हस्ताक्षर
संख्या तारीख :

उपयुक्त विवरणों की जांच की गई और उन्हें ठीक पाया गया।

सिफारिश करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर
एवं पदनाम

आदेश

संख्या..... तारीख :

नव मंगलौर पत्तन न्यास कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम 1980 के नियम 19 के अन्तर्गत..... कार्यालय के श्री/श्रीमती/कुमारी.....को..... (प्रयोजन) के लिए.....19.....को मंजूर तथा बिल संख्या.....द्वारा आहरित.....के सामान्य भविष्य निधि अग्रिम की शेष राशि रुपये.....(रुपये .....) का अंतिम आहरण में सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या परिवर्तित करने के लिए एतद्द्वारा..... .....की मंजूरी प्रदान की जाती है।

हस्ताक्षर.....
पद.....
तारीख.....

संख्या .....

प्रति प्रेषित :—

(1) .....
(2) .....
(3) .....आदि, आदि

हस्ताक्षर....
पद .....

फार्म VI (विनियम 14)

भविष्य निधियों से अग्रिम लेने के लिए आवेदन पत्र का प्रोफार्मा

नव मंगलौर पत्तन न्यास

विभाग...../कार्यालय

.....से अग्रिम के लिए आवेदन पत्र

(निधि का नाम यहां लिखें)

1. अभिदाता का नाम
2. लेखा संख्या (विभागीय संकेताक्षर सहित)
3. पद
4. वेतन : रुपये

5. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख को अभिदाता की जमा राशि निम्नलिखित है :

(1) वर्ष के विवरण के अनुसार अभिदाता इतिशेष 199··· रुपये

(2) मासिक अभिदान के रूप में जमा ······ में ······ रुपये

(3) रकम वापसी ··········· रुपये

(4) आहरित राशि.........से ········· तक रुपये

(5) निवल जमा शेष : रुपये

6. अग्रिम/बकाया राशि तथा अग्रिम लेने का प्रयोजन :

ली गई अग्रिम राशि	वर्तमान बकाया राशि
रुपये ··········	रुपये ············

7. अग्रिम की अपेक्षित राशि : रुपये

8 (क) अग्रिम लेने का उद्देश्य :

(ख) आवेदन पर लागू होने वाला नियम :

(ग) यदि अग्रिम गृह निर्माण के लिए लिया जा रहा है तो निम्नलिखित सूचना दें :—

(1) भू-खंड का स्थान और माप

(2) भू-खंड पूर्ण स्वामित्व में है; या पट्टे पर है

(3) निर्माण की रुपरेखा :

(4) यदि फ्लेट या भूखण्ड आवास : निर्माण सोसायटी से खरीदा जा रहा है तो सोसायटी का नाम, स्थान और माप आदि का उल्लेख करें

(5) निर्माण की लागत

(6) यदि फ्लेट डी.डी. ए. या अन्य आवासी बोर्ड आदि से खरीदा जा रहा है तो स्थान, लम्बाई, चौड़ाई आदि का उल्लेख करें

(घ) यदि अग्रिम बच्चों की शिक्षा के लिए लिया जा रहा है तो निम्न ब्यौरा प्रस्तुत करें :

(1) पुत्र/पुत्री का नाम

(2) कक्षा तथा संस्था/कालिज जहां अध्ययन कर रहे हैं

(3) दिवा छात्र है या होस्टल में रहते हैं

(ङ) यदि अग्रिम परिवार के बीमार सदस्य के उपचार के लिए अपेक्षित है तो निम्न सूचना प्रस्तुत करें :

(1) रोगी का नाम और उससे संबंध

(2) अस्पताल/डिस्पेंसरी/चिकित्सक जहां रोगी का इलाज हो रहा है

(3) बहिरंग/अंतरंग रोगी

(5) प्रतिपूर्ति उपलब्ध है या नहीं

टिप्पणी :—8(ग) से 8(ङ) के अधीन दिए जाने वाले अग्रिम के लिए किसी प्रमाणपत्र या दस्तावेजी साक्ष्य की आवश्यकता नहीं है।

9. समेकित अग्रिम की राशि (मद 6 और 7) तथा किश्तों की संख्या जिसमें इसे वापिस लौटाया जाना है रुपये..........किश्तों में

10. अभिदाता की आर्थिक स्थिति का पूरा ब्यौरा जिससे अग्रिम के आवेदन के औचित्य की पुष्टि हो सके।

मैं प्रमाणित करता हूं कि उपर्युक्त विवरण मेरी सर्वोत्तम समझ और विश्वास में ठीक और पूर्ण है तथा इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक :

नाम ······

पदनाम ······

अनुभाग/शाखा ······

अनुबंध-II

नव मंगलौर पत्तन न्यास कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1980 में संशोधन

क्रमांक	विनियम जिसमें संशोधन प्रस्तावित है	नव मंगलौर पत्तन न्यास कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1980 में मौजूद प्रावधान	प्रस्तावित संशोधन	औचित्य
1	2	3	4	5
1.	विनियम 2	2. परिभाषाएं : (ङ) परिवार का अर्थ है-- 1. पुरुष अभिदाता के मामले में उसकी पत्नी या पत्नियां और उसके बच्चे और अभिदाता के मृत पुत्र की विधवा या विधवाएं और बच्चे। 2. महिला अभिदाता के मामले में, उसका पति और बच्चे और अभिदाता के मृत पुत्र की विधवा या विधवाएं और बच्चे।	"नाबालिग भाई, अविवाहित बहनें और मां-बाप और यदि अभिदाता के मां बाप जीवित नहीं है तो पितामह या पितामही।" "नाबालिग भाई, अविवाहित बहनें और मां-बाप और यदि अभिदाता के मां बाप जीवित नहीं है तो पितामह या पितामही।"	जैसा सी.सी.एस. (जी.पी.एफ.) 1962 में प्रावधान है।
2.	विनियम 4	4. पात्रता की शर्तें-- 1. एक वर्ष की सतत सेवा के पश्चात समस्त अस्थायी कर्मचारी, अंशदायी भविष्य निधि के पात्रों को छोड़कर पुनर्नियुक्त सभी पेंशनभोगी और समस्त स्थायी कर्मचारी निधि में अभिदान करेंगे। 2. वे समस्त अस्थायी कर्मचारी जो एक वर्ष की सतत सेवा किसी माह के बीच में पूरी करते हैं तो वे निधि में अभिदान पश्चातवर्ती माह से करेंगे।	4. पात्रता की शर्तें-- 1. एक वर्ष की सतत सेवा के पश्चात समस्त अस्थायी कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि के पात्रों को छोड़कर पुनर्नियुक्त सभी पेंशन-भोगी और समस्त स्थायी कर्मचारी निधि में अभिदान करेंगे। 2. वे समस्त अस्थायी कर्मचारी जो एक वर्ष की सतत सेवा किसी माह के बीच में पूरी करते हैं तो वे निधि में अभिदान पश्चातवर्ती माह से करेंगे।	अक्तूबर, 1990 में पानम्बूर में राज्य सभा की अधीनस्थ विधायन समिति की बैठक में किए गए सुझाव जिन्हें भू-तल परिवहन (पत्तन विंग) मंत्रालय ने अपने पत्र संख्या पी आर-12016/10/91-पी ई आई तारीख 25-2-91 द्वारा सूचित किया गया।
		3. नियमित रिक्तियों के स्थान पर भर्ती हुए वे अस्थायी कर्मचारी जिनके एक वर्ष से अधिक सेवा में बने रहने की संभावना है वे एक वर्ष की सेवा पूरी होने से पहले किसी भी समय निधि में अभिदान कर सकते हैं।	3. नियमित रिक्तियों के स्थान पर भर्ती हुए वे अस्थायी कर्मचारी जिनके एक वर्ष से अधिक सेवा में बने रहने की संभावना है, वे एक वर्ष की सेवा पूरी होने से पहले किसी भी समय निधि में अभिदान कर सकते हैं।	
		4. बोर्ड, स्वविवेकानुसार किसी अन्य वर्ग के कर्मचारियों से निधि में अभिदान करने की अपेक्षा कर सकता है।	4. वे कर्मचारी जो किसी भी अंशदायी भविष्य निधि में अभिदान करते हैं उनसे निधि में अभिदान करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।	
		5. वे कर्मचारी जो किसी भी अंशदायी भविष्य निधि में अभिदान करते हैं उनसे निधि में अभिदान करने की अपेक्षा नही की जाएगी।	5. निधि में कर्मचारी के प्रवेश की प्रक्रिया निम्नलिखित होगी, यथा; (क) आवेदन फार्म-1 प्रस्तुत करना; (ख) लेखा संख्या का आबंटन। कार्यालय प्रमुख कर्मचारियों से एक वर्ष की सेवा पूरी करने के 3 माह पूर्व आवेदन फार्म-1 में प्राप्त कर लेगा।	
		6. निधि में कर्मचारी के प्रवेश की प्रक्रिया निम्नलिखिते होगी यथा; (क) आवेदन फार्म। प्रस्तुत करना; (ख) लेखा संख्या का आबंटन। कार्यालय प्रमुख कर्मचारियों से एक वर्ष की सेवा पूरी करने के 3 माह पूर्व आवेदन फार्म-1 में प्राप्त कर लेगा।		

1	2	3	4	5
43.	विनियम 6	6. नामांकन 1. अभिदाता निधि में प्रवेश के समय लेखा अधिकारी को एक नामांकन पत्र भेजेगा जिसमें राशि देय होने से पूर्व उसकी मृत्यु हो जाने पर या ऐसी स्थिति में जहां राशि देय हो गई है परन्तु अदायगी नहीं की गई है। एक व्यक्ति या अधिक व्यक्तियों को निधि में जमा उसकी राशि प्राप्त करने का अधिकार होगा; परन्तु यदि नामांकन भरते समय अभिदाता का परिवार है तो वह नामांकन केवल अपने परिवार के सदस्य या सदस्यों के नाम ही भरेगा।	6. नामांकन 1. अभिदाता निधि में प्रवेश के समय लेखा अधिकारी को एक नामांकन पत्र भेजेगा जिसमें राशि देय होने से पूर्व उसकी मृत्यु हो जाने पर या राशि देय हो गई है परन्तु अदायगी नहीं की गई है, एक व्यक्ति या अधिक व्यक्तियों को निधि में जमा उसकी राशि प्राप्त करने का अधिकार होगा; "परन्तु यदि अभिदाता नाबालिग है तो वह बालिग होने पर ही नामांकन पत्र भरेगा; 'परन्तु यदि नामांकन भरते समय अभिदाता का परिवार है तो वह नामांकन केवल अपने परिवार के सदस्य या सदस्यों के नाम ही भरेगा; "परन्तु यह और कि अभिदाता यदि इस निधि में प्रवेश करने से पूर्व अन्य किसी भविष्य निधि में अभिदान कर रहा था और उक्त निधि में उसके नाम जमा राशि इस निधि में उसके नाम स्थानांतरित हो गई है तो यह समझा जाएगा कि उसने इस विनियम के अधीन विधिवत नामांकन कर दिया है जब तक कि वह इस विनियम के अनुसार नामांकन नहीं भरता है। टिप्पण :—इस नियम में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो "व्यक्ति" या "व्यक्तियों में, कंपनी या एसोसिएशन या व्यष्टियों का निकाय, चाहे वे निगमित हों या न हों शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय राहत कोष या कोई पूर्त या अन्य न्यास का कोष भी शामिल होंगे जिसके लिए नामांकन सचिव या अन्य कार्यकारी प्राधिकारी के जरिए से किया जाता है, जो राशि प्राप्त करने के लिए सक्षम हो।"
4.	विनियम 7	7. अभिदाताओं के लेखे : प्रत्येक अभिदाता के नाम में एक लेखा खोला जाएगा जिसमें उसके अभिदान की राशि सहित उस पर विनियम 12 में विहित तरीके से निकाले गए ब्याज की राशि के साथ अग्रिमों तथा आहरणों का हिसाब रखा जाएगा।	7. अभिदाता का लेखा : प्रत्येक अभिदाता के नाम एक लेखा खोला जाएगा जिसमें निम्नलिखित को दर्शाया जाएगा :— (1) उसके अभिदान की राशि । (2) अभिदान पर नियम 12 में दिए हिसाब से ब्याज; (3) निधि से लिए अग्रिम और आहरण
5.	विनियम 8	8. अभिदान की दरें और शर्तें : 1. अभिदाता अपनी निलंबनाधीन अवधि को छोड़कर प्रत्येक माह निधि में अभिदान करेगा। परन्तु अभिदाता अपने विकल्प से चाहे तो ऐसी छुट्टी के दौरान जिसमें छुट्टी वेतन देय न हो या छुट्टी वेतन आधे वेतन से कम या समतुल्य हो, अभिदान नहीं करेगा :	

1	2	3	4	5
		परन्तु यह और कि निलंबनाधीन अवधि के पश्चात अभिदाता के बहाल हो जाने पर उसे अधिक से अधिक निलंबनाधीन अवधि के लिये देय अभिदान की बकाया राशि एकमुश्त या किश्तों में जमा करने की छूट होगी। "टिप्पण :—अभिदाता को अकार्य अवधि के दौरान अभिदान देने की आवश्यकता नहीं है।" (2) अभिदाता (विनियम 8 के उप विनियम (i) के प्रथम परन्तुक में संदर्भित) छुट्टी के दौरान अभिदान न देने के अपने विकल्प को लिखित रूप में लेखा अधिकारी को देगा। सम्यक रूप से और यथासमय सूचित न करने का अर्थ यह समझा जाएगा कि अभिदाता विनियम के अधीन अभिदाता द्वारा सूचित किया गया विकल्प अंतिम होगा।	"(3) यदि अभिदाता ने निधि में जमा अपनी राशि में से नियम 21 के अधीन आहरण किया है तो इस प्रकार किए गए आहरण के पश्चात् वह तब तक अभिदान नहीं करेगा जब तक कि कार्य पर लौट नहीं आता।" "(4) उप-नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी अभिदाता जिस माह में सेवा से अलग होता है उस माह के लिए वह जब तक अभिदान नहीं करेगा जब तक कि उक्त माह के प्रारंभ होने से पूर्व वह उक्त माह में अभिदान करने के अपने विकल्प को कार्यालय प्रमुख को लिखित रूप में सूचित नहीं कर देता।" "(5) अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति होने पर कर्मचारी को सेवा के अंतिम तीन माह में अभिदान न करने की छूट होगी। अभिदान का बंद किया जाना वैकल्पिक न होकर अनिवार्य होगा।" "(6) ऐसे अभिदाता जो पी एल बी या निष्पादन पुरस्कार के हकदार हैं, यदि वे चाहें तो योजना के अंतर्गत स्वीकार्य राशि के सम्पूर्ण या उसके किसी भाग को अपने भविष्य निधि खाते में जमा कर सकते हैं।"
6. विनियम 9	9. अभिदान की दर— (2) (क) बशर्ते कि—			
	1. अभिदाता यदि छुट्टी पर था और उसने छुट्टी के दौरान अभिदान न करने का चयन किया तो उक्त तारीख को उसकी परिलब्धियां वह परिलब्धियां होंगी जिसका हकदार वह कार्य पर लौटने के प्रथम दिन पर था।	(1) यदि अभिदाता उक्त तारीख को छुट्टी पर था और उसने छुट्टी के दौरान निधि में अभिदान न करने का चयन किया हो या उक्त तारीख को निलंबित हो, तो उसकी परिलब्धियां वह परिलब्धियां होंगी जिसका हकदार वह कार्य पर लौटने के प्रथम दिन पर था।		

1	2	3	4	5
7.	विनियम 12	12. ब्याज—	12. ब्याज—	
		(1) उप विनियम (5) के उपबंधों के अध्यधीन बोर्ड अभिदाता के जमा खाते में उस दर से ब्याज की रकम जमा करेगा जो प्रत्येक वर्ष बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाएगी,	(1) उप विनियम (5) के उपबंधों के अध्यधीन बोर्ड अभिदाता के जमा खाते में उस दर से ब्याज की रकम जमा करेगा जो प्रत्येक वर्ष बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाएगी :	अक्तूबर 1990 में पानम्बूर में राज्य सभा की अधीनस्थ विधायन समिति की बैठक में दिए गए सुझावों के आधार पर जिन्हें भूतल परिवहन (पत्तन विंग) मंत्रालय ने अपने पत्र सं. पी आर 12016/10/91 पी ई आई तारीख 25-2-91 द्वारा सूचित किया गया।
		परन्तु किसी वर्ष के लिए यदि ब्याज की दर 4 प्रतिशत से कम निर्धारित की जाती है तो जिस वर्ष में पहली बार 4 प्रतिशत से कम ब्याज की दर निर्धारित की गई है उसके पूर्ववर्ती वर्ष में निधि में अभिदान करने वाले सभी अभिदाताओं को 4 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा।	परन्तु किसी वर्ष के लिए यदि ब्याज की दर 8 प्रतिशत से कम निर्धारित की जाती है तो जिस वर्ष में पहली बार 8 प्रतिशत से कम ब्याज की दर निर्धारित की गई है उसके पूर्ववर्ती वर्ष में निधि में अभिदान करने वाले सभी अभिदाताओं को 8 प्रतिशत ब्याज दिया जायगा।	
		(2) विनियम 21, 22 और 23 के अधीन किसी राशि की अदायगी के अतिरिक्त उस पर दिया जाने वाला ब्याज अदायगी के समय के पूर्ववर्ती माह तक या उस राशि के देय होने वाले माह के पश्चात् 6 माह तक, जो भी अवधि कम हो, उस व्यक्ति को देय होगा जिसे इस राशि का भुगतान किया जाता है।		
		परन्तु लेखा अधिकारी यदि उस व्यक्ति को (या उसके एजेंट को) नकद भुगतान करने की तारीख सूचित कर देता है या उस व्यक्ति को चैक भेज देता है तो ब्याज सूचित की गई तारीख के पूर्ववर्ती माह तक की अवधि का या चैक भेजने की तारीख तक का जैसी भी स्थिति हो, दिया जायगा।	"परन्तु यह और कि जबकि अभिदाता सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले निगमित निकाय या सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन किसी स्वायत संगठन में प्रतिनियुक्ति पर होने पर, बाद में उक्त निगमित निकाय या संगठन में भूतलक्षी तारीख से आमेलित हो जाता है तो अभिदाता के नाम जमा संचित निधि पर ब्याज के परिकलन के प्रयोजन के लिए आमेलन से संबंधित आदेश जारी करने की तारीख को अभिदाता की जमा राशि की अदायगी की तारीख माना जाएगा; यह इस शर्त के साथ आमेलन की तिथि तथा आमेलन के आदेश जारी करने की तिथि के बीच के समय तक अभिदाता द्वारा जमा की गई अभिदान की राशि को, इस विनियम के अन्तर्गत, केवल निधि में ब्याज के लिए जमा की गई राशि माना जाएगा।"	
		5. यदि अभिदाता लेखा अधिकारी को सूचित करता है कि वह ब्याज नहीं लेना चाहता हो ब्याज उसके खाते में जमा नहीं किया जाएगा; परन्तु बाद में यदि वह ब्याज के लिए कहता है तो उसके ब्याज का आकलन, जिस वर्ष में वह कहता है उस वर्ष के प्रथम दिन से किया जाएगा और उसके खाते में जमा किया जाएगा।	"(6) विनियम 11, विनियम 21 या विनियम 22 के उप विनियम (3) के अधीन अभिदाता के नाम निधि में प्रतिस्थापित राशियों पर ब्याज का आकलन उप नियम (1) के अधीन उत्तरोत्तर विहित दरों पर और उस रीति के अनुसार किया जाएगा जैसा कि इस विनियम में उल्लिखित है।"	

1	2	3	4	5
			"(7) यदि ऐसा पाया जाता है कि अभिदाता ने निधि में अपनी जमा राशि से अधिक राशि निकाली है तो अध्यादान की राशि, चाहे वह निधि से अग्रिम या आहरण या अंतिम अदायगी के रूप में निकाली गई हो, उसे एकमुश्त रूप में ब्याज सहित लौटानी होगी या ऐसा न करने पर उक्त राशि अभिदाता की परिलब्धियों में से एकमुश्त रूप में काट लेने के आदेश दिए जाएंगे। यदि वसूल की जाने वाली राशि अभिदाता की परिलब्धियों की राशि के आधे से अधिक हो, तो उसकी परिलब्धियों की आधी राशि के रूप में मासिक किस्तों के हिसाब से वसूली जाने वाली राशि तब तक काटी जानी चाहिए जब तक कि ब्याज सहित समस्त राशि पूरी न हो जाए।"	
8. विनियम 12	13. प्रोत्साहन बोनस स्कीम	विनियम 13 को निकाल दिया गया		
9. विनियम 14	14. निधि से अग्रिम (1)	14(1)		
	(घ) अपने किसी पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में कार्य करने या कार्य करने को तात्पर्यित मामले के संबंध में अभिदाता के विरुद्ध लगाए गए आरोपों के दोष निवारण के लिए अभिदाता द्वारा संस्थित विधिक कार्यवाहियों के व्यय को वहन करने के लिये अग्रिम राशि दी जा सकेगी जो इसी प्रयोजन के लिए अन्य किसी स्त्रोत से अनुज्ञेय किसी अग्रिम के अतिरिक्त होगी।	(घ) अभिदाता उसके परिवार के सदस्य या वास्तविक रूप से उस पर आश्रित किसी व्यक्ति द्वारा या उनके विरुद्ध संस्थित विधिक कार्यवाहियों की लागत को वहन करने के लिए अग्रिम राशि दी जा सकेगी जो इसी प्रयोजन के लिए अन्य किसी स्त्रोत (पत्तन) से अनुज्ञेय किसी अग्रिम के अतिरिक्त होगी।"	
	(2)	(4) जब किसी पिछले अग्रिम की अंतिम किश्त के चुकाने से पूर्व उप नियम (2) के अधीन कोई अग्रिम मंजूर किया जाता है तो इस प्रकार मंजूर अग्रिम राशि में पिछले अग्रिम की न वसूली गई राशि को जोड़ दिया जाएगा और वसूली जाने वाली राशि की किश्तों का निर्धारण समेकित राशि के आधार पर किया जाएगा।"		
	(3)	(5) सेवा के अंतिम तीन माह के दौरान कोई भी अस्थायी अग्रिम मंजूर नहीं किया जाएगा ताकि लेखा अधिकारी सेवा निवृत्त के एक माह पूर्व भुगतान आदेश जारी करने का कार्य पूरा कर सके।"		
		बशर्ते इस प्रकार का अग्रिम नामंजूर करने के पूर्व अभिदाता को अग्रिम की वापसी क्यों न लागू की जाए ऐसी सूचना मिलने की तारीख से 15 दिन के भीतर मंजूरीदाता प्राधिकारी को लिखित रूप में अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर किया जाएगा और यदि अभिदाता उक्त 15 दिन की अवधि के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर देता है तो उसे निर्णय के लिए अध्यक्ष को भेजा जाएगा और यदि उक्त अवधि के भीतर अभिदाता द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो इस उप नियम में विहित रीति से वसूली को लागू कर दिया जाएगा।		

1	2	3	4	5
10.	विनियम 15	15. अग्रिम की वसूली-- (1) (2) (3) यदि अभिदाता को अग्रिम मंजूर किया जाता है और वह उसे ले लेता है और बाद में अग्रिम की वापसी पूरा होने से पूर्व नामंजूर कर दिया जाता है तो समस्त या आहरित राशि की शेष राशि अभिदाता को तत्काल निधि में लौटानी होगी या ऐसा न करने पर लेखा अधिकारी विनियम 14 के उपनियम (3) के स्पष्टीकरण 2 के अधीन अध्यक्ष या अग्रिम मंजूर करने वाले सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर उसकी परिलब्धियों में से एकमुश्त रूप में या अधिकतम 12 मासिक किस्तों के रूप में अग्रिम वसूली के आदेश दे सकता है।		

फार्म-VI

विनियम 14 देखें

भविष्य निधि से अग्रिम लेने के लिए आवेदन का प्रोफार्मा

नव मंगलौर पत्तन (.....) से अग्रिम लेने के लिए आवेदन पत्र ।
(निधि का नाम)

1. अभिदाता का नाम
2. लेखा संख्या
   (विभाग के नाम सहित)
3. पद :
4. वेतन :
5. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख को अभिदाता की जमा राशि निम्नलिखित है ।
   (i) .....के विवरण के अनुसार अभिदाता का हितशेष
   (ii) जमा ..... से ..... तक
   अभिदान की राशि .....
   (iii) रकम वापसी :
   (iv) आहरित राशि .....से.....तक
   (v) निवल जमा शेष :
6. अग्रिम की बकाया राशि यदि कोई है और उसे लेने का प्रयोजन
7. अग्रिम की अपेक्षित राशि :
8. (क) अग्रिम लेने का प्रयोजन :
   (ख) आवेदन पर लागू होने वाले नियम :
9. कुल समेकित अग्रिम की राशि : (मद 6 और 7 का जोड़) और मासिक किस्तों की संख्या जिसमें इसे वापिस लौटाया जाना है :
10. अभिदाता की आर्थिक स्थिति का पूरा ब्यौरा जिसमें अग्रिम के आवेदन के औचित्य की पुष्टि हो सके ।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम .....

पद .....

अनुभाग/शाखा .....

फार्म-VI

(विनियम 14)

भविष्य निधि से अग्रिम राशि के लिए आवेदन-पत्र का प्रोफार्मा

नव मंगलौर पत्तन न्यास

विभाग/कार्यालय

..... अग्रिम राशि के लिए आवेदन-पत्र
(यहां निधि का नाम भरें)

1. अभिदाता का नाम

2. खाता संख्या (विभाग का नाम सहित)

3. पद

4. वेतन रुपए

5. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख को अभिदाता की जमा राशि निम्नलिखित है :

(i) वर्ष .....के वियरण के अनुसार हतिशेष रुपए

(ii) जमा ..... से ..... रुपए
मासिक अभिदान की राशि

(iii) रकम वापसी रुपए

(iv) निवल जमा शेष रुपए

6. अग्रिम राशि/बकाया राशि, यदि कोई हो तथा अग्रिम लेने का प्रयोजन प्राप्त अग्रिम की राशि रुपए ..... वर्तमान में बकाया राशि रु. .....

7. अग्रिम की अपेक्षित राशि रुपए

8. (क) अग्रिम की अपेक्षित राशि रुपए

(ख) अग्रिम लेने का प्रयोजन

(ग) आवेदन पर लागू होने वाला नियम

(घ) यदि अग्रिम मकान-निर्माण आदि के लिए लिया जा रहा है तो निम्न-लिखित सूचना दें:—

9. (i) प्लाट का स्थान तथा लंबाई-चौड़ाई

(ii) क्या प्लाट पूर्ण स्वामित्व में है या पट्टे पर

(iii) निर्माण का प्लान

(iv) फ्लैट/प्लाट भवन निर्माण सोसायटी से खरीदा जा रहा है तो सोसायटी का नाम, स्थान और लंबाई-चौड़ाई इत्यादि

(v) निर्माण की लागत

(vi) यदि फ्लैट डी. डी. ए. या अन्य आवासीय बोर्ड आदि से खरीदा जा रहा है तो उसके स्थान लंबाई-चौड़ाई आदि दी जानी चाहिए ।

(घ) यदि अग्रिम बच्चों की शिक्षा के लिए अपेक्षित है तो निम्न सूचना दी जानी चाहिए:—

(i) पुत्र/पुत्री का नाम

(ii) कक्षा तथा संस्था/कालिज का नाम जहां अध्ययन कर रहे हैं ।

(iii) दिवा छात्र हैं या होस्टल में हैं ।

(ङ) यदि परिवार के बीमार सदस्यों के लिए अग्रिम अपेक्षित है तो निम्न सूचना दी जानी चाहिए

(i) रोगी का नाम और उससे संबंध

(ii) अस्पताल/डिस्पेंसरी/चिकित्सक का नाम जहां इलाज हो रहा है

(iii) क्या बहिरंग/अंतरंग रोगी है

(iv) क्या प्रतिपूर्ति उपलब्ध है या नहीं

टिप्पणी:—यदि अग्रिम राशि 8(ग) से 8(ङ) के अधीन चाहिए तो प्रमाण-पत्र या दस्तावेजी साक्ष्य की आवश्यकता नहीं है ।

9. कुल अग्रिम (मद 6 और 7 का जोड़)
राशि और किस्तों की संख्या जिसमें इसे वापिस लौटाना है ।

10. अभिदाता की आर्थिक स्थिति का पूरा ब्यौरा जिसमें अग्रिम राशि के औचित्य की पुष्टि हो सके ।

मैं प्रमाणित करता हूं कि पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार उपर्युक्त विवरण ठीक और पूर्ण है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है ।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम .....

पद .....

दिनांक:—

विभाग/शाखा

1	2	3	4	5
11.	विनियम 16	16. अग्रिम का सदोष उपयोग:—इन विनियमों की कोई बात होते हुए भी, यदि अध्यक्ष संतुष्ट है कि विनियम (14) के अधीन लिया गया अग्रिम, मंजूर प्रयोजन के लिए उपयोग न करके, किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया गया है तो प्रश्नगत राशि अभिदाता को तत्काल निधि में लौटानी होगी या ऐसा न करने पर अध्यक्ष अभिदाता की परिलब्धियों में से एकमुश्त वसूली करने के आदेश दे सकता है चाहे अभिदाता छुट्टी पर ही हो । यदि वसूली जाने वाली राशि अभिदाता की परिलब्धियों की आधे से अधिक हो तो वसूली उसकी परिलब्धियों के अर्धांश की मासिक किस्तों में तब तक की जाएगी जब तक कि पूरी राशि वसूल नहीं हो जाती । स्पष्टीकरण:—इस विनियम में "परिलब्धियों में जीवन निर्वाह अनुदान" सम्मिलित नहीं है ।	"16 अग्रिम का सदोष उपयोग:—इस विनियम में कोई बात होते हुए भी, यदि मंजूरीदाता प्राधिकारी के पास संदेह का कारण है कि नियम 14 के अधीन लिया गया अग्रिम मंजूर प्रयोजन के लिए उपयोग न करके किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग किया गया है तो वह अभिदाता को अपने संदेह का कारण सूचित करेगा और उससे अपेक्षा करेगा कि वह ऐसी सूचना मिलने के 15 दिन के भीतर लिखित रूप में सूचित करे कि क्या अग्रिम धन उसी प्रयोजन के लिए उपयोग किया गया है जिसके लिए वह मंजूर किया गया था । यदि मंजूरीदाता प्राधिकारी उक्त पंद्रह दिन की अवधि के भीतर अभिदाता द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है तो मंजूरीदाता प्राधिकारी अभिदाता को तत्काल प्रश्नगत राशि को निधि में जमा करने के लिए आदेश देगा या ऐसा न करने पर उसकी परिलब्धियों में से एकमुश्त रूप में कटौती करने के आदेश देगा चाहे वह छुट्टी पर भी हो । यदि वसूली जाने वाली राशि अभिदाता की परिलब्धियों की आधे से अधिक हो तो वसूली, उसकी परिलब्धियों के अर्धांश की मासिक किस्तों में तब तक की जाएगी जब तक कि पूरी राशि उससे वसूल नहीं हो जाती ।"

1	2	3	4	5
			टिप्पण:–नियम में "परिलब्धियां" पद में जीवन निर्वाह अनुदान सम्मिलित नहीं है ।	
12.	विनियम 17	17. निधि से आहरण:— (1) (2) अभिदाता की 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर या उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख से पहले दस वर्ष के भीतर, निधि में उसके नाम अभिदाय की ब्याज सहित जमा राशि में से, निम्नलिखित एक या एक से अधिक प्रयोजनों के लिए, यथा:— (क) (ख) (ग) धारा (क) के अधीन आहरित राशि का उपयोग करने के लिए खरीदे गए स्थल पर मकान का निर्माण करने के लिए ।	"(2) अभिदाता की (दस वर्ष) सेवा (खंडित सेवा काल को जोड़कर, यदि कोई हो) पूरी होने पर या अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की तारीख से दस वर्ष के भीतर, जो भी पहले हो, निधि में उसके नाम जमा राशि में से निम्नलिखित एक या एक से अधिक प्रयोजनों के लिए, यथा:— "(ग) कार्य के स्थान से भिन्न स्थान पर पैतृक मकान के नवीकरण, परिवर्तन या परिवर्धन या रख रखाव के लिए या कार्य के स्थान से भिन्न स्थान पर नव मंगलौर पत्तन न्यास से लिए कर्ज की सहायता से बनाए गए मकान के लिए ।" "(घ) धारा (क) के अधीन आहरित राशि का उपयोग करने के लिए खरीदे गए स्थल पर मकान का निर्माण करने के लिए ।" "(3) अभिदाता की सेवा निवृत्ति की तारीख से पहले छह माह के भीतर निधि में उसके नाम जमा राशि में से फार्म भूमि या कारबार परिसर या दोनों को अर्जित करने के प्रयोजन के लिए ।" "(4) वित्तीय वर्ष में केवल एक बार, अभिदाता द्वारा एक वर्ष में अभिदान के रूप में जमा की गई राशि के बराबर, स्वदित्त एवं अंशदान आधार पर नव मंगलौर पत्तन न्यास के लिए भारतीय जीवन बीमा द्वारा आयोजित कर्मचारियों के लिए समूह बीमा योजना में अदा करने के लिए ।"	
		टिप्पण 1:–विनियम 17 के अधीन एक समान प्रयोजन के लिए केवल एक बार आहरण अनुमत होगा । परन्तु अलग-अलग बच्चों का विवाह/शिक्षा या विभिन्न अवसरों पर बीमारी को एक समान प्रयोजन के रूप में नहीं माना जाएगा । टिप्पण 2:—विनियम 17 के अधीन आहरण मंजूर नहीं किया जाएगा, यदि उसी समय पर, एक समान प्रयोजन	टिप्पण 1:—अभिदाता ने यदि मकान निर्माण के लिए नव मंगलौर पत्तन न्यास से अग्रिम ले रखा है या किसी अन्य मान्यताप्राप्त आवासीय योजना से कोई सहायता प्राप्त कर रखी है तो वह इस विनियम में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए उप विनियम (2) की उपधारा (क), (ख), (घ) के अधीन और उपर्युक्त योजना के अधीन लिए गए किसी ऋण की अदायगी के	

1	2	3	4	5
		के लिए विनियम 14 के अधीन अग्रिम मंजूर किया जा रहा है ।	प्रयोजन के लिए, नियम 18 के उप नियम (1) के परंतुक में विनिर्दिष्ट सीमा के अनुसार आहरण करने का हकदार होगा ।" यदि अभिदाता ने कार्य के स्थान से भिन्न स्थान पर सरकार से प्राप्त कर्ज की सहायता से मकान बनाया है या उसका पैतृक मकान है, तो वह कार्य के स्थान पर मकान स्थल की खरीद के लिए या अन्य मकान के निर्माण के लिए या बने बनाए फ्लैट का अर्जन करने के लिए, इस विनियम के अधीन अंतिम आहरण करने का हकदार होगा । टिप्पणी 2:—इस विनियम के उप विनियम (2) की उपधारा (क), (ग) और (घ) के अधीन आहरण तब तक मंजूर नहीं किया जाएगा जब तक अभिदाता जहां स्थल या मकान स्थित है वहां निर्माण किए जाने वाले मकान या परिवर्तन या परिवर्धन करने से संबंधित प्लान को उस क्षेत्र की स्थानीय नगरपालिका निकाय से सम्यक् रूप से अनुमोदित कराके प्रस्तुत नहीं करता है । इस प्रकार की मंजूरी उन ही मामलों में दी जाएगी जिनमें प्लान वास्तविक रूप से अनुमोदित हो जाता है । टिप्पण 3:—विनियम 2 की उप धारा (ख) के अधीन, मंजूर की गई आहरण की राशि आवेदन की तारीख पर शेष राशि में उप धारा (क) के अधीन पूर्व आहरण की राशि को मिलाकर तीन चौथाई से अधिक नहीं होनी चाहिए जिसमें से पिछले आहरण की राशि को निकाल दिया जाएगा । फार्मूला इस प्रकार है : तीन चौथाई राशि (आवेदन करने की तारीख पर शेष राशि में प्रश्नगत मकान के लिए पिछले आहरणों की राशि को मिलाकर) जिसमें से पिछले आहरण को घटा दिया जाएगा । टिप्पण 4:—उप विनियम 2 की उप-धारा (क) के अधीन भी आहरण अनुमत होगा यदि मकान स्थल या गृह पत्नी या पति के नाम में हो, बशर्ते अभिदाता द्वारा किए गए नामांकन में वह भविष्य निधि राशि प्राप्त करने के लिए प्रथम नामिती है ।	

1	2	3	4	5
			टिप्पण 5:—इस नियम के अधीन एक समान प्रयोजन के लिए केवल एक आहरण अनुमत होगा । परंतु अलग-अलग खर्चों का विवाह या शिक्षा को या विभिन्न अवसरों पर बीमारी को या ऐसे मकान या फ्लैट में और परिवर्तन या परिवर्धन करना जो मकान या फ्लैट के स्थान में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय नगर पालिका निकाय से सम्यक रूप से अनुमोदित नए प्लान के अंतर्गत हो, इन्हें एक समान प्रयोजन नहीं माना जाएगा। उप विनियम 2 की उपधारा (क) या उपधारा (ग) के अधीन दूसरा या बाद का आहरण नियम 3 के अधीन विहित सीमा तक ही सीमित होगा ।"	
			टिप्पण 6:—विनियम 17 के अधीन आहरण मंजूर नही किया जाएगा यदि उसी समय पर, एक समान प्रयोजन के लिए विनियम 14 के अधीन अग्रिम मंजूर किया जा रहा है ।	
			टिप्पण 7.—सेवा के अंतिम तीन महीनों में कोई भी आंशिक अंतिम आहरण अनुमत नहीं किया जाना चाहिए । तथापि आपवादिक मामलों मे विभागाध्यक्ष की मंजूरी से अनुमत किया जा सकता है । ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारी को स्पष्ट रूप से सूचित कर देना चाहिए कि सेवा निवृत्ति से एक माह पूर्व अंतिम आहरण के आदेश जारी करने में विलंब की संभावना है ।	
			"(5)" निम्नलिखित मामलों मे भी सामान्य भविष्य निधि से आंशिक अंतिम/अंतिम आहरण अनुमत है ।	
			(क) वे कर्मचारी जिन्होंने 15 वर्ष की सेवा (खंडित सेवा काल, यदि उसे मिलाकर) पूरी कर ली है या जिन्को अधिवर्षिता की आयु पूरी करने मे 5 वर्ष से कम रह गए हैं, उन्हें अपने भविष्य निधि खाते से, मोटर-कार/मोटर साइकिल या स्कूटर आदि की खरीद के लिए या इस प्रयोजन के लिए पत्तन मे लिए ऋण की वापसी के लिए, आंशिक अंतिम आहरण करने की अनुमति निम्न-लिखित शर्तों के अधीन होगी :—	
			(i) कर्मचारी का मूल वेतन मोटर कार के मामले में 3500/- रुपए प्रति मास से समकक्ष और मोटर साइकिल/स्कूटर के मामले में 1500/- रुपए प्रतिमास होना चाहिए ।	

1	2	3	4	5
			(ii) आहरण की राशि की सीमा मोटरकार खरीदने के लिए 25000/- रुपए तथा मोटर साइकिल/स्कूटर आदि खरीदने के लिए 4000/- रुपए है । ऐसे मामलों जहां इन वाहनों की युकिंग कराने के लिए आहरण पहले ही किया जा चुका है तो कर्मचारी विहित अधिकतम सीमा राशि के अधीन होगा । इस प्रयोजन (बुकिंग के लिए जमा राशि में खरीद के लिए अपेक्षित राशि को जोड़कर) के लिए आहरित कुल राशि, आहरण की तारीख पर, अभिदाता के भविष्य निधि खाते में (ब्याज सहित) जमा राशि के 50 प्रतिशत भाग से अधिक नहीं या वाहन का वास्तविक मूल्य जो भी कम हो, यह होनी चाहिए ।	
			(iii) विशेष मामलों में जिन कर्मचारियों की 15 वर्ष की न्यूनतम सेवा की अवधि में केवल छह माह की अवधि शेष रह गई है, उन्हें अधिक से अधिक 36 किस्तों में वापिस किया जाने वाला अग्रिम अध्यक्ष द्वारा अनुमत किया जा सकता है ।	
			(iv) वे कर्मचारी जिन्हें उपर्युक्त (iii) के अनुसार अग्रिम अनुमत किया गया है उन्हें 15 वर्ष की सेवा पूरी करने के पश्चात बकाया राशि को अंतिम – आहरण में परिवर्तित करने की अनुमत किया जा सकता है ।	
			(v) उक्त आहरण केवल एक बार ही अनुमत होगा ।	
			(ख) जिन कर्मचारियों ने 28 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है या जिन्हें अधिवर्षिता की आयु पूरी करने में तीन वर्ष से कम हैं, उन्हें निम्नलिखित शर्तों के अधीन उनकी मोटर गाड़ियों की व्यापक मरम्मत या ओवरहाल के लिए भविष्य निधि खाते से आहरण करने के लिए अनुमत किया जा सकता है :	
			(i) वे कर्मचारी जिनका वेतन 1400/- रुपए के समकक्ष है ।	
